भोले नाथ के अघोरी

आ गये जी आ गये जी , भोले नाथ के अघोरी
नाथ के अघोरी , शम्भु नाथ के अघोरी
छा गये जी छा गये जी , भोले नाथ के अघोरी
आ गये जी ....

उड़ रही राख देखो खेल रहे होरी,
बाज रहा धमरु नाचते अघोरी,
भस्मी रमाये रहे जी , भोले नाथ के अघोरी
आ गये जी ....

भस्म लपेट रहे श्मशानों की,
तन पे सजी है तेरे दीवानों की,
तांडव मचा रहे जी , भोले नाथ के अघोरी
आ गये जी ....

श्मशानों में देखो रात दिन बैठे,
करते है साधना मुण्डमाल लपेटे,
भूतो को डरा रहे जी , भोले नाथ के अघोरी
आ गये जी ....

जहर हलाल पिया भोले ने जमाने में,
महिमा हरीश भरी पड़ी है पुराणों में,
मोहन कौशिक झूम रहे जी , भोले नाथ के अघोरी
आ गये जी ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20784/title/bhole-nath-ke-aghori

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |